दैनिक
# न्याय साक्षी



संपादकीय

## कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया।

समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं।

जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद ४४ के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है।

शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है।

विभिन्न धर्मावलंबियों की परंपराएं व रीतियां भिन्न हैं। विपक्षी दल बार-बार यही आरोप लगाते हैं कि सरकार की मंशा उन पर रोक लगाने की है। हालांकि कुछ आदिवासी समुदायों में महिलाओं को पहले ही तमाम अधिकार प्राप्त हैं। इसीलिए भाजपा को अपना कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा।

रही बात प्रलोभन देने की तो यह भारतीय राजनीति का प्रमुख अस्त्र है। सरकारें पहले अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कोताही करती हैं पर ऐन चुनाव के दौरान उन्हें जनता को होने वाली दिक्कतों का अहसास होता है।

सुधारवादी कदम उठाते हुए सरकार को जनता की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए।

## वाणिज्यिक बैंक और एनबीएफसी एमएसएमई सेक्टर को दें 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन : वित्त मंत्री




**बेंगलुरु**

भारत सरकार की ओर से सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और एनबीएफसी के लिए चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 1.54 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त एमएसएमई लोन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकों और एनबीएफसी को एमएसएमई के लिए कुल लोन वृद्धि का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में क्रमश: 5.75 लाख करोड़ रुपए, 6.21 लाख करोड़ रुपए और 7 लाख करोड़ रुपए रखना चाहिए।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की पार्टनरशिप में आयोजित किए गए 'नेशनल एमएसएमई कल्स्टर आउटरीच' प्रोग्राम में केंद्रीय वित्त मंत्री ने देश में इनोवेशन, रोजगार पैदा करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में एमएसएमई के महत्व पर प्रकाश डाला।

वित्त मंत्री ने उद्यमियों से भी बातचीत की और बताया कि कैसे सरकार और वित्तीय संस्थाएं उनकी आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को एमएसएमई सेक्टर को लोन उपलब्ध कराने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर प्रकाश डाला और सभी बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्यमों को अधिक लोन देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

इवेंट में वित्त मंत्री सीतारमण ने कर्नाटक में वर्चुअल तरीके से छह नई सिडबी शाखाओं का भी उद्घाटन किया। इससे एमएसएमई तक सिडबी की पहुंच और वित्तीय सहायता का विस्तार हुआ है। इसके अलावा सीतारमण ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर और विशाखापत्तनम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चार नारी शक्ति शाखाओं और बेंगलुरु में केनरा बैंक के लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

वित्त मंत्री सीतारमण ने सिडबी के 11 एमएसएमई ग्राहकों को कुल मिलाकर 25.75 करोड़ रुपये के लोन मंजूरी पत्र दिए। इसके साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नारी शक्ति शाखा के 2 एमएसएमई ग्राहकों को कुल 11 करोड़ रुपये के मंजूरी पत्र दिए।

## भारत के स्टील निर्यात में अक्टूबर में हुई दोहरे अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली**

भारत का स्टील निर्यात इस साल अक्टूबर में सितंबर के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ा है, जो दिखाता है कि इस सेक्टर के आउटलुक में सुधार हो रहा है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए डेटा से मिली।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में भारत की ओर से 4.4 मिलियन टन स्टील का निर्यात किया गया है, जो कि सितंबर में 4 मिलियन टन था। आयात में गिरावट आई है जिससे घरेलू स्टील कंपनियों को तीसरी तिमाही में अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में पहली बार इस महीने के दौरान आयात धीमा हो गया क्योंकि सरकार ने वियतनाम जैसे देशों से आने वाले खराब गुणवत्ता वाले स्टील पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके परिणामस्वरूप, स्टील आयात अक्टूबर में 4 प्रतिशत गिरकर 9.8 लाख टन रह गया है, जो कि सितंबर में 11 लाख टन था।

सेल के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, घरेलू स्टील क्षेत्र में कुछ सुधार हुआ है और लॉन्ग प्रोडक्ट्स की कीमत सितंबर की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 53,000 रुपये प्रति टन हो गई है। वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील के सीईओ जयंत आचार्य ने एक इन्वेस्टर्स कॉल में कहा कि सितंबर में भारी गिरावट के बाद कीमतें बढ़ रही हैं, जब आयात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था।

2024-25 में भारत का स्टील उत्पादन 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 152 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो हाइवे, पोर्ट और रेलवे जैसी बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर सरकारी खर्च से बढ़ने, शहरीकरण और निर्माण गतिविधियों में वृद्धि से स्टील उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

भारत में स्टील सेक्टर के तेजी से बढ़ने की वजह अर्थव्यवस्था की तेजी गति का होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स ने स्ट्रोक के प्रति जागरूकता के लिए एमएस धोनी से किया गठजोड़

**पुणे**

एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ी, एमएस धोनी के साथ मिलकर स्ट्रोक की रोकथाम पर जन जागरूकता अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत, एमक्योर और धोनी ने एक वीडियो के ज़रिये हर किसी से स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जागरूक होने तथा स्ट्रोक की पहचान के लिए कम से कम एक व्यक्ति को शिक्षित करने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया है।

भारत में किए गए महामारी विज्ञान (एपिडेमियोलॉजी) से जुड़े अध्ययनों के अनुसार, हर साल 18 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं और यह मृत्यु तथा विकलांगता का एक प्रमुख कारण बन जाता है। इसलिए एमक्योर ने ब्रेन स्ट्रोक, इसके लक्षण तथा जान बचाने और अनगिनत लोगों को बेहतर परिणाम प्रदान करने के लिए समय पर हस्तक्षेप के महत्व को समझने के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने का बीड़ा उठाया है।

## महंगाई, एफआईआई समेत घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़े अगले हफ्ते तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार का आउटलुक अगले हफ्ते आने वाले घरेलू महंगाई एवं इंडस्ट्रीयल प्रोडक्शन के आंकड़े, अमेरिका और चीन के आर्थिक डेटा एवं एफआईआई की गतिविधियों पर निर्भर करेगा। बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी 0.64 प्रतिशत या 156 अंक गिरकर 24,248 और सेंसेक्स 0.30 प्रतिशत या 237 अंक गिरकर 79,486 पर बंद हुआ।



भारतीय शेयर बाजार में गिरावट की वजह दूसरी तिमाही के नतीजों का कमजोर आना, डॉलर का मजबूत होना और एफआईआई द्वारा बाजार में लगातार बिकवाली करने को माना जा रहा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद निफ्टी आईटी इंडेक्स 4 प्रतिशत की तेजी आई है और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4 प्रतिशत फिसल गया है। 4 नवंबर से लेकर 8 नवंबर तक के कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा 19,638.24 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई है और इस दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 14,391 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे गए हैं।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख, संतोष मीना का कहना है कि आने वाले समय में यूएस बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स का प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि अमेरिकी चुनावों के नतीजों के साथ ही दोनों में तेजी देखने को मिली है। साथ ही निवेशकों की निगाहें आने वाले हफ्ते में एफआईआई की गतिविधियों पर भी रहेंगी।

मीना ने आगे कहा कि निफ्टी 20 दिन के मूविंग एवरेज 24,500 को पार करने में कठिनाई का सामना कर रहा है। अगर यह इस स्तर को पार कर टिकता है तो एक शॉर्ट कवरिंग देखने को मिल सकती है। इसमें ऊपर स्तरों पर रुकावट 24,700 और 25,000 के आसपास है। निचले स्तर पर सपोर्ट 24,075, 23,800 और 23,500 के करीब है। पलका अरोड़ा चोपड़ा ने कहा कि बैंक निफ्टी 50,500 -52600 की रेंज में है। इस दो हजार अंक की रेंज में खरीदारी का स्तर 50,500 और बिकवाली का स्तर 52,500 के आसपास है।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत के जबड़े से छीनी जीत, दूसरे टी20 में 3 विकेट से हराया

❒ चक्रवर्ती के पंजे पर भारी पड़े स्टब्स के नाबाद 49

**ग्केबरहा**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरे टी20 मैच में बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी की और मैच को रोमांचक बना दिया। हालांकि वरुण चक्रवर्ती के पांच विकेटों पर ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 47 रनों की पारी भारी साबित हुई और मेहमान टीम ने एक ओवर शेष रहते तीन विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।



भारत के 124/6 के मामूली दिखने वाले स्कोर के बाद चक्रवर्ती ने चार ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट निकाले। यह टी20 में उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। लेकिन चौथे नंबर पर बल्लेबाज करने आए स्टब्स के इरादे कुछ और थे। अपनी पारी में सात चौके जडक़र उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को एक ओवर शेष रहते रोमांचक जीत दिलाई, जिससे मेजबान टीम ने चार मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

दक्षिण अफ्रीका ने 16वें ओवर में अपना सातवां विकेट गंवा दिया था। उस समय टीम का स्कोर 86 रन था और उसे जीत के लिए 26 गेंद में 39 रन और चाहिए थे। पुछल्ले बल्लेबाज गेराल्ड कोएत्जी (19 नाबाद) ने स्टब्स का भरपूर साथ दिया और टीम को 128/7 तक पहुंचाया। अपनी नौ गेंद की पारी में उन्होंने एक छक्का और दो चौके लगाए।

भारतीय तेज गेंदबाज खास तौर पर आखिरी तीन ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अक्षर पटेल को सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी करने दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए रयान रिकेल्टन और रीजा हेंड्रिक्स ने दो-दो चौके लगाए, लेकिन अर्शदीप सिंह की धीमी शॉर्ट गेंद पर रयान रिकेल्टन 13 रन पर डीप बैकवर्ड स्चयर लेग पर आउट हो गए। चक्रवर्ती ने अपने पहले ओवर में एडेन मार्करम को गुगली पर आउट किया। इसके बाद उन्होंने उसी ओवर में एक और गुगली पर हेंड्रिक्स को चकमा दिया।

## न्यूजीलैंड से हार का कोई दबाव नहीं, मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया: गंभीर

**मुंबई**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से शर्मनाक हार के बाद खुद पर हो रही आलोचना पर कहा कि वह जानते हैं कि भारत के कोच की प्रतिष्ठित भूमिका निभाना बेहद कठिन है और उन्हें नहीं लगता कि उन्हें इसका दबाव महसूस हो रहा है क्योंकि उनका काम पूरी तरह ईमानदार है।



2012 के बाद से घरेलू सरजमीं पर यह भारत की पहली टेस्ट श्रृंखला हार है और इस शताब्दी में घरेलू सरजमीं पर 0-3 से पहली हार भी है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम घरेलू मैदान पर विपक्षी न्यूजीलैंड की टीम से बुरी तरह से पराजित हुई और उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

उन्होंने कहा, इससे मेरे और किसी और के जीवन में क्या फर्क पड़ता है? जब मैंने यह काम संभाला, तो मैंने हमेशा सोचा कि यह एक बहुत ही मुश्किल काम होगा और साथ ही एक बहुत ही प्रतिष्ठित काम भी। ईमानदारी से, मुझे नहीं लगता कि मैं दबाव महसूस कर रहा हूं क्योंकि मेरा काम पूरी तरह से ईमानदार होना है। उस ड्रेसिंग रूम में कुछ अविश्वसनीय रूप से कठोर लोग हैं जिन्होंने देश के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हासिल की हैं और देश के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हासिल करना जारी रखेंगे। इसलिए उन्हें और भारत को कोचिंग देना एक बहुत बड़ा सम्मान है।

इसके बाद उन्होंने टीम का ध्यान मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी चुनौती पर केंद्रित कर दिया है।

उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से सीख यह है कि हम स्वीकार करते हैं कि हम परास्त हुए। मैं यहां बैठकर बचाव नहीं करने जा रहा हूं।

## कुबेर से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी, धनुष के साथ फिल्म में इस किरदार में नजर आएंगी अभिनेत्री

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। रश्मिका के किरदार की झलक पहले ही जारी हो चुकी है, जिसे देख दर्शक उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से रश्मिका का नया पोस्टर जारी किया है।




शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में मंदाना मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक ब्रिज की पृष्ठभूमि में मुस्कुराते हुए खड़ी हैं। उनके पहनावे से पता चलता है कि वह एक जमीनी जीवन जीने वाले किरदार को निभा रही हैं और उनके कंधों पर लटका बैग उनकी यात्रा के रोमांच की ओर इशारा करता है।

इससे पहले निर्माताओं ने प्रशंसकों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए घोषणा पोस्ट साझा किया था, जिसमें टीजर रिलीज के बारे में जानकारी दी गई थी। पोस्ट में लिखा था, शेखर कम्मुला की कुबेर की ओर से आपको शानदार दिवाली की शुभकामनाएं। इंतजार लगभग खत्म हो गया है।

## पुष्पा 2 में श्रीलीला की एंट्री, धांसू पोस्टर रिलीज, अल्लू अर्जुन संग डांस फ्लोर पर लागाएंगी आग

पुष्पा 2 साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है इसीलिए इससे जुड़ी हर एक अपडेट के लिए फैंस उत्साहित रहते हैं. फिल्म दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है इससे पहले फैंस इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. इसी बीच मेकर्स ने एक बड़ी खुशखबरी फैंस को दे दी. पुष्पा 2 में होने वाले स्पेशल डांस नंबर में कोई और नहीं बल्कि श्रीलीला की दिखाई देंगी. पुष्पा द राइज में सामंथा ने अपने शानदार डांस से करोड़ों लोगों का दिल जीता था अब वहीं करिश्मा श्रीलीला दोहराने आ रही हैं.




मेकर्स ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर श्रीलीला का एक शानदार पोस्टर शेयर करते हुए स्पेशल डांस में उनकी एंट्री कंफर्म कर दी है. साथ ही गाने का टाइटल भी रिवील कर दिया है.

## दिव्यांका त्रिपाठी की द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर जारी

टीवी की दुनिया से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'द मैजिक ऑफ शिरी' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। मेकर्स ने अब फैंस के इंतजार को खत्म करते हुए इस सीरीज के ट्रेलर को रिलीज कर दिया है, जो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। इस सीरीज के टीजर में एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी जादूगरनी के किरदार में दिखेंगी।



टीवी शो ये है मोहब्बतें में डॉ. इशिता भल्ला का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वालीं अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी का लुक वेब सीरीज 'द मैजिक ऑफ शिरी' के ट्रेलर में एक दम साधारण है, लेकिन जादूगरनी के वेश में आते ही दिव्यांका काफी मिस्टीरियस लगने लगती हैं। ट्रेलर में दिव्यांका को एक मां और एक पत्नी के रूप में भी दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ शॉट्स में जादूगरनी के नॉर्मल लाइफ के सीन्स भी हैं, जिसमें वह अपने पति और बच्चों के साथ स्कूटर में ट्रैवल करती नजर आ रही हैं।

द मैजिक ऑफ शिरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेहरबान, कदरदान, साहिबान, आ रही है शीरी दिखाने असल जिंदगी का जादू।

वहीं, जावेद जाफरी भी इस सीरीज में हैं, जो दिव्यांका की तरह ही एक जादूगर हैं। ट्रेलर में जावेद जाफरी जादूगरनी दिव्यांका की सफलता का विरोध करते नजर आ रहे हैं। इससे साफ हो रहा है कि सीरीज में जावेद जाफरी नेगेटिव किरदार में हैं। इससे पहले, एक पुरस्कार समारोह में दिव्यांका त्रिपाठी ने द मैजिक ऑफ शिरी के लिए अपना उत्साह साझा किया था। उन्होंने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे पूरा यकीन है कि हर कोई इसे पसंद करेगा, और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर इसका आनंद ले सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 233

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्रबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 232 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू- 233

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.232 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की राय लेनी चाहिए। कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद पर गर्व महसूस करेंगे।

**सिंह:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपका दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस-पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको आज अपना काम पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है, लेकिन काम पूरा होने से आपको खुशी होगी।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ घर के जरूरत का सामान खरीदने आप मार्केट जायेंगे।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबारी संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सचेत रहें। आप अपने जीवन में प्रेम को बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करते रहे, जिससे आपके प्रियजनों का व्यवहार भी आपके लिए बदल जाएगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप ऑफिस के उलझनों को ऑफिस में ही छोड़ कर आए।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आज कार्यों में जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहें। आपकी पदोन्नति हो सकती है।